अनुक्रमांक

नाम

मुद्रित पृष्ठों की संख्या :4

**130** **323(IS)**

# 2025

# नागरिक शास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।

(v) प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु-उत्तरीय - I प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।

(vi) प्रश्न संख्या 27 से 30 तक लघु-उत्तरीय II प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100 से 125 शब्दों में देना है।

(vii) प्रश्न संख्या 31 और 32 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

(viii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

नोट: निम्नलिखित दस प्रश्नों में प्रत्येक के चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से सही विकल्प चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

1. सोवियत संघ कुल कितने गणराज्यों का समूह था? 1

(A) 7

(B) 10

(C) 12

(D) 15

2. जर्मनी का एकीकरण किस वर्ष हुआ? 1

(A) 1990

(B) 1989

(C) 1988

(D) 1985

modelpaper.info

3. नाटो एक संगठन है - 1

(A) व्यापारिक

(B) कृषिपरक

(C) सैन्य

(D) इनमें से कोई नहीं

4. 'लुक ईस्ट' और 'एक्ट ईस्ट' नीतियों का सम्बन्ध है 1

(A) गुर-निरपेक्ष आन्दोलन

(B) पूर्वी एशिया

(C) यूरोपीय संघ

(D) दक्षेस (सार्क)

5. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम एशियाई महासचिव कौन थे? 1

(A) जग हैमरशोल्ड

(B) ट्रिग्वे ली

(C) यूथांट

(D) बुतरस घाली

6. क्योटो प्रोटोकॉल का सम्बन्ध है 1

(A) शरणार्थी समस्या

(B) निःशस्त्रीकरण

(C) पर्यावरण सुरक्षा

(D) इनमें से कोई नहीं

7. द्वि-राष्ट्र सिद्धान्त का प्रयोग सबसे पहले किसके द्वारा किया गया? 1

(A) कांग्रेस

(B) मुस्लिम लीग

(C) हिन्दू महासभा

(D) भारतीय जनता पार्टी

8. 1975 में आपातकाल की उद्घोषणा किस अनुच्छेद के अन्तर्गत की गई? 1

(A) अनुच्छेद 352

(B) अनुच्छेद 356

(C) अनुच्छेद 360

(D) इनमें से कोई नहीं

modelpaper.info

9. भारतीय विदेश नीति का मूलभूत सिद्धान्त संविधान के किस भाग से सम्बन्धित है? 1

(A) संवैधानिक उपबन्ध

(B) मूल अधिकार

(C) संवैधानिक संशोधन

(D) राज्य के नीति निर्देशक तत्त्व

10. किस वर्ष राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार ने मण्डल आयोग की सिफारिशों में से एक को लागू करने का फैसला किया? 1

(A) 1990

(B) 1992

(C) 1989

(D) 1998

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

11. सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो महत्वपूर्ण कारकों का उल्लेख कीजिए। 1+1

12. वैश्विक राजनीति में यूरोपीय संघ के विकास के किन्हीं दो कारणों को लिखिए। 1+1

13. दक्षिण कोरिया के दो लोकप्रिय ब्रांडों के नाम लिखिए जो भारत में भी प्रचलित हैं। 1+1

14. किन दो देशों ने शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किये थे? 1+1

15. शीत युद्ध के समय प्रचलित किन्हीं दो सैन्य संगठनों के नाम वताइए। 1+1

16. अंटार्कटिका प्रदेश पर संप्रभुता का दावा करने वाले किन्हीं दो देशों के नाम बताइए। 1 + 1

17. स्वतन्त्रता के बाद भारत के सामने दो प्रमुख चुनौतियाँ क्या थीं? 1+1

18. 1975 में आपातकाल की उदघोषणा के समय प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति का नाम बताइए। 1+1

19. भारत एवं पाकिस्तान के मध्य विवाद के किन्हीं दो मुद्दों को लिखिए। 1+1

20. अनुच्छेद 370 की समाप्ति के किन्हीं दो परिणामों का उल्लेख कीजिए। 1+1

**(लघु-उत्तरीय - I प्रश्न)**

21. सोवियत संघ के विघटन के प्रमुख परिणामों कुए उल्लेख कीजिए। 5

22. संयुक्त राष्ट्र संघ में सुधारों की आवश्यकता के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए। 3+2

23. पर्यावरण की चिंता के विषय में मुख्य कारणों की बताइए। 5

24. वैश्वीकरण के प्रति भारत के सकारात्मक तथा नकारात्मक दृष्टिकोणों को बताइए। 5

25. भारत में निर्वाचन प्रणाली में आये क्रमिक सुधारों का उल्लेख कीजिए। 5

26. "वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य एक दलीय नेतृत्व के साथ गठबन्धन का युग है।" समझाइए। 5

modelpaper.info

**(लघु-उत्तरीय - 11 प्रश्न)**

27. एक प्रभावी अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के लिए क्या मुद्दे आवश्यक हैं? इस सन्दर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका बताइए। 3+3

28. देसी रियासतों से आप क्या समझते हैं? भारतीय संघ में इनके विलय में क्या कठिनाइयाँ आयीं ? 3+3

29. राष्ट्रीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के उद्भव, विकास एवं योगदान का विश्लेषण कीजिए। 2+2+2

30. 1975 में लाये गये राष्ट्रीय आपातकाल के कारणों एवं परिणामों की व्याख्या कीजिए। 3+3

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)**

31. वर्तमान वैश्विक राजनीति में चीन के बढ़ते प्रभाव का विश्लेषण भारत पर पड़ने वाले असर के परिप्रेक्ष्य में कीजिए। 8

अथवा

"समकालीन दक्षिण एशिया में लोकतन्त्र की स्थापना एक चुनौती का विषय रहा है।" उपयुक्त उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 8

32. भारतीय विदेश नीति की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। वर्तमान समय में इसके सम्मुख क्या चुनौतियाँ हैं? 4+4

अथवा

जाति एवं सांप्रदायिक विभाजन भारतीय राजनीति को किस प्रकार प्रभावित करता है? विवेचना कीजिए। 4+4

modelpaper.info